दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, मंगलवार 07 अप्रैल 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति ने दिया 11 लाख का चेक

» जैन समाज ने घर पर ही मनाया महावीर जन्मोत्सव

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में जैन समाज ने इस बार भगवान महावीर जन्मोत्सव अपने-अपने परिवारों के साथ घर पर ही रहकर मनाया। करीब 5 हजार परिवार के सदस्यों ने सुबह 9 से 10 बजे सामूहिक सामयिक नवकार मंत्र का जाप, वीर स्तुति, भक्तामर स्तोत्र आदि का पाठ करते हुए इसकी शुरूआत की। संध्या में भगवान महावीर की आरती की गई। चूंकि समाज ने पहले ही महोत्सव के सारे आयोजन स्थगित करने का निर्णय लिया था और सभी इस बात से अवगत थे। आपदा की इस घड़ी में वे प्रदेशवासियों के साथ खड़े हुए हैं। लाकडाउन के दौरान समाज की ओर से निरंतर सेवाएं भी दी जा रही हैं। आज महोत्सव के अवसर पर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष ललित पटवा, उपाध्यक्ष राजेश गोलछा, सचिव शेखर बैद, कोषाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने रायपुर सकल जैन समाज की तरफ से मुख्यमंत्री सहायता कोष में 11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। समिति की ओर से जानकारी देते हुए पटवा ने बताया कि रंगोली, भजन, आरती, पेटिंग के वीडियो फूटेज आनलाइन बड़ी संख्या में भेजे गए हैं, इससे लोगों का उत्साह पता चल रहा था। परिवार के साथ ग्रुप फेटोग्राफ्स भी उन्होने भेजे हैं। प्रभु के जन्मोत्सव को भाव भक्ति महोत्सव के रूप में इस ढंग से मनाए जाने का यह पहला अनुभव था। प्रतियोगियों ने घर में ही रहकर भजन, नृत्य, कविता, पेटिंग, रंगोली, भाषण व सुविचार स्वंय के द्वारा तैयार विडियो क्लीपिंग व्हाट्सएप पर भेजे हैं। प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत प्रथम तीन विजेता को समिति की ओर से पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा।

### कोरोना वायरस से सावधानी बरतते हुए रेल मंडल के अधिकारी-कर्मचारी निभा रहे अपनी अहम जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा आवश्यक वस्तुओं का लदान किया जा रहा है। पूरे देश में लॉकडाउन की अवधि में आवश्यक वस्तुओ व सेवाओं में कोई कमी ना आये इसके लिए भारतीय रेल में मालगाड़ियों चलाई जा रही हैं। भारतीय रेल की अहम भूमिका होने के कारण रायपुर रेल मंडल के अधिकारी-कर्मचारी भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मालगाड़ियों का परिचालन में अपनी अहम जिम्मेदारी निभा रहे रेलवे अधिकारियों-कर्मचारियों की बलौदत ही देश में लॉकडाउन के दौरान खाने-पीने का सामान, कोयला, फर्टिलाइजर, चावल-अनाज, खाने का तेल, चीनी, डेयरी प्रोडक्ट इत्यादि सामानों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। विषम परिस्थितियों में भी पूरे देश में मालगाड़ियों का परिचालन लगातार हो रहा है। मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्याम सुंदर गुप्ता के दिशा निर्देश में इन ट्रेनों के संचालन का उत्तरदायित्व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ. प्रकाश चंद त्रिपाठी निभा रहे हैं ।

### कोरोना संभावितों के कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए 4 कर्मचारियों की ड्यूटी

**रायपुर (आरएनएस)।** नोबल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमित व संभावितों के कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग एवं अन्य कार्यों हेतु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के आईटी टीम के 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने का आदेश विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी स्वास्थ्य विभाग तथा राज्य मिशन संचालक एनआरएलएम द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत एएसपीएम रजत चौबे तथा प्रोग्रामर सर्व राजेश गुप्ता, विजय चन्द्राकर, हेमंत साहू की ड्यूटी लगायी गई हैं।

### किसानों ने 20 गांवों में किया निःशुल्क सब्जी का वितरण

**रायपुर।** कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन के दौरान जगदलपुर जिला प्रशासन की पहल पर सब्जी उत्पादक किसानों द्वारा जिले के 20 गांवों में सब्जियों का निःशुल्क वितरण किया गया। जिले के जागरूक किसानों और युवा जागृति सोनारपाल के द्वारा ग्रामीण इलाकों में सब्जी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 6 अप्रैल को 20 गांव में निःशुल्क सब्जी वितरण किया गया। बस्तर विकासखण्ड के सोनारपाल के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र मे घोटिया, नारायणपाल, अलनार, चेराकूर सहित क्षेत्र के गांवों में निःशुल्क वितरण के लिए 240 बोरा पत्तागोभी, 110 केरेट टमाटर, करेला को 11 वाहनों में भरकर ग्रामीणों में वितरण किया गया।

# खरसिया में लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराते हुए जरूरतमंदो की जा रही मदद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर पूरे जिले में लाक डाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। वहीं एसडीओपी खरसिया पितांबर पटेल के नेतृत्व में पूरे खरसिया सब डिविजन में इन दिनों रहवासियों द्वारा लॉक डॉन का स्वयं पालन करते नजर आ रहे हैं ज्यादातर लोग घरों में बने हुए हैं निर्धारित समय में खरीदारी के वक्त निकलते हैं।



इस दौरान पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था से लोग सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन कर रहे हैं, अनावश्यक घूमते लोगों को पाइंड ड्यूटी में लगे स्टॉफ के समझाइस देते हैं जिससे स्थिति काफी बेहतर है। दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र के समाजसेवी संगठन, समाजसेवी व्यक्तियों एवं एवं संचालित कंपनियों से सहयोग लेकर हर एक जरूरतमंदों की अधिक से अधिक मदद करने कहा गया है जिसका पालन सभी थाना क्षेत्रों में बेहतर तरीके से किया जा रहा है। इसीक्रम में एसडीओपी पीतांबर पटेल एवं थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहु, छाल थाना प्रभारी निरीक्षक ए के खान एवं भूपदेवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मारकण्डे ध्रुव द्वारा क्षेत्र के विभिन्न समाजसेवी संगठनों एवं समाजसेवियों से चर्चा कर

अब तक उनके क्षेत्र के करीब 4500 जरूरतमंदों में ड्राई राशन वितरण कराया गया है। चौकी प्रभारी खरसिया द्वारा प्रतिदिन खरसिया शहर के झुग्गी बस्तियों में भोजन पैकेट का वितरण पेट्रोलिंग द्वारा किया जा रहा है। साथ ही खरसिया पुलिस द्वारा लोगों को स्वच्छता एवं सोशल डिस्टेंसिंग के लिए जागरूक करते हुए गली, मोहल्लों एवं गांव में मास्क व सैनिटाइजर का भी वितरण किया गया है। प्रतिदिन सुबह लोगों की खरीदारी करते समय एसडीओपी खरसिया प्रत्येक चौक चौराहों में व्यवस्था देखते हैं। उसके बाद प्रतिदिन अपने डिवीजन के थाना, चौकी प्रभारी के साथ जरूरतमंदों की मदद में निकल जाते हैं। इसी तरह आज भी फूड पैकेट वितरण के लिए भूपदेवपुर क्षेत्र थाना प्रभारी खरसिया की टीम के साथ निकले थे। फूड पैकेट जरूरतमंद व्यक्तियों को वितरण किया जाना था किंतु रास्ते में राम झरना के पास इकट्ठे हुए बंदर दिखे, एसडीओपी खरसिया को लगा कि फूड पैकेट की जरूरत इन बेजुबानों को भी है। तब पूरे स्टाफ द्वारा एक-एक कर सभी फूड पैकेट्स का वितरण उन बेजुबानों को किया गया। उसके बाद कुछ और फूड पैकेट की व्यवस्था थाना प्रभारी भूपदेवपुर द्वारा की गई जिनका वितरण जरूरतमंद लोगों में किया गया है साथ ही रामझरना के बंदरों के लिए भी नियमित रूप से भोजन कि व्यवस्था किया गया है।

### मुख्यमंत्री बघेल की चिट्ठी पर केन्द्र सरकार ने मनरेगा के लिए जारी किए 685.29 करोड़ रूपए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान और आगामी तीन माह की मजदूरी के लिए शीघ्र राशि जारी करने का अनुरोध किया था। केन्द्र सरकार ने इस पर कार्यवाही करते हुए 685.29 करोड़ रूपए जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। इस राशि में से 404 करोड़ रूपए मजदूरी भुगतान के लिए दिया गया है। साथ ही सामग्री एवं प्रशासनिक मद में व्यय के लिए भारत सरकार द्वारा 281.28 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। इस मद में 88.13 करोड़ रूपए का राज्यांश मिलाकर कुल 773.42 करोड़ रूपए मनरेगा कार्यों मे व्यय किए जाएंगे।

## लॉकडाउन : प्रदेश के दिव्यांग बच्चे करेंगे ऑनलाईन पढ़ाई

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रसन्ना आर ने दिव्यांग कल्याण की सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के अधीक्षकों को पत्र लिखकर विद्यार्थियों को ऑनलाईन पढ़ाई कराने के निर्देश दिए हैं।

दिव्यांग बच्चों के अध्ययन कार्य में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो तथा अध्ययन कार्य सुचारू रूप से चल सके इसके लिए संस्था प्रमुखों को शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए दिव्यांग कल्याण की सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी वर्तमान में अपने घर में है और संस्थाओं में अध्ययन-अध्यापन कार्य स्थगित है। ऐसी परिस्थिति में विद्यार्थियों के अध्यापन-पठन कार्य का नुकसान न हो, इसके लिए संस्था के शिक्षकों द्वारा कक्षानुसार वाट्सएप, सामान्य कॉल, वीडियो चैटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कहा गया है। जिससे घर पर ही बच्चों के अध्ययन और पठन कार्य में सहयोग हो सके।

## कोरोना से जंग लडने् उच्चशिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने 20 लाख का दिया योगदान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना आपदा से निपटने के लिए उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने विधायक निधि से 20 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करवाया है।



इस चुनौतीपूर्ण समय में सरकार नागरिकों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक निर्णय लेते हुए लोगों के सहयोग के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे है। मंत्री पटेल ने जनसहयोग के लिए पूर्व में ही अपने एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान कर चुके है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए फिर से उन्होंने विपदा की इस घड़ी में कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं आवश्यक सामग्रीक्रय करने के उद्देश्य से अपने विधायक निधि से 20 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिये है। यह राशि सरकार की तरफ से चलायी जा रही मुहिम पर खर्च होंगे।

**उमेश पटेल के सार्थक पहल से बहुतों को मिली प्रेरणा**

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने जैसे ही सहयोग के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में अपने एक महीने का वेतन दान दिया तो इससे प्रेरित होकर राज्य स्तर पर उनके अनेक समर्थक व दानदाता मानवीय मूल्यों के आधार पर यभासंभव सहयोग प्रदान कर रहे है। जिससे कोरोना के खिलाफ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा।

## अन्य राज्यों से आये 5842 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर रखा गया क्वारेंटीन में

**स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस के लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों तथा अन्य प्रदेशों की यात्रा से लौटे हुए लोगों को नियमित रूप से ट्रेस कर रहा है। जिसके पश्चात उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम आइसोलेशन तथा सेल्फ क्वारेंटीन में रखा जा रहा है। जिसकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़े अनुसार 1 जनवरी से 6 अप्रैल 2020 तक विदेश से कुल 141 यात्री जिले में आये। जिनमें जनवरी माह में 5, फरवरी तक 37 यात्री एवं मार्च 2020 तक 99 यात्री विदेश की यात्रा कर जिले में लौटे थे। होम आइसोलेशन तथा होम क्वारेंटीन के लिए जारी नये दिशा-निर्देशानुसार होम आइसोलेशन तथा होम क्वारेंटीन की अवधि को 14 दिनों से बढ़ाकर 28 दिनों तक कर दिया गया है। जिसके अनुसार विदेश से लौटे कुल यात्रियों में 97 लोग 28 दिनों से ज्यादा होम आइसोलेशन में बिता चुके है। जिनमें 44 लोगों को क्वारेंटीन में रखा गया है। इसी प्रकार 6 अप्रैल तक कुल 5842 व्यक्ति अन्य राज्यों की यात्रा कर जिले में लौटे है। जिनकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग कर होम आइसोलेशन में रखा गया है। कुल 5842 लोगों में 159 लोगों ने होम आइसोलेशन में 28 दिन से ज्यादा पूर्ण कर लिया है तथा उनमें कोई लक्षण नही है। शेष 5683 लोग वर्तमान में होम आइसोलेशन की 28 दिनों की अवधि के तहत अपने-अपने घरों में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन यात्रियों के घर पहुंचकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। अभी तक जिले में कुल 112 व्यक्तियों के ब्लड सेम्पल टेस्ट के लिए भेजा गया है जिसमें 98 व्यक्तियों की रिपोर्ट प्राप्त हुई है और इन सभी लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव है। 14 व्यक्तियों की रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है।

## सड़क पर घूम रहे हर व्यक्ति पर सख्त नहीं पुलिस

**मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पुसौर रायनो ने की मदद » कभी किसी को मदद की भी होती है जरूरत**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लॉक डाउन के दौरान बेवजह घूम रहे लोगों पर पुलिस सख्ती से पेश आती है परंतु ऐसा नहीं है कि इस दौरान घर से बाहर निकला हर व्यक्ति मजे सैर सपाटा के लिए घूम रहा है। पेट्रोलिंग तथा फिक्स पॉइंट में लगे पुलिस के जवान आने-जाने वाले लोगों को तथा गली, मोहल्लों में घूम रहे व्यक्तियों को समझाइश देतें हैं कि घरों में रहें, इस दौरान अनावश्यक बाहर निकले व्यक्तियों पर ही सख्ती की आवश्यकता होती है।






ऐसा ही देखने को मिला जब लाक डाउन दौरान सड़क पर दिखे व्यक्ति से सख्ती से पेश न आकर उसकी परेशानी को समझकर उसे उसके घर पहुंचाया गया। दिनांक 05.04.2020 के दोपहर एक इवेंट से लौट रहे पुसौर ईआरव्ही रायनो स्टाफ को पुसौर मेन एक रोड़ किनारे एक वृद्ध व्यक्ति दिखा। आरक्षक ने वाहन को रुकवाया और उस व्यक्ति को बोले कि बाहर क्यों घूम रहे हो, जाओ अपने घर। तब वह व्यक्ति कुछ गड़बड़ आने लगा। जिससे आरक्षकों को लगा कि व्यक्ति दिमागी रूप से कमजोर है और भूखा भी जिसे आरक्षक जगजीवन खूंटे तथा ईआरव्ही के चालक सुभाष खूंटे ने बिस्किट और पानी दिए।

उसके बाद पूछताछ से पता चला कि वह भटक कर पुसौर आ गया है तथा उसका नाम सम्मेलाल मराठा निवासी हमालपारा खरसिया है। तब आरक्षक ने सेल्फ इवेंट डायल 112 को देकर उसे छोड़ने खरसिया गए, आधे रास्ते मे खरसिया राइनो के आरक्षक रामकृष्ण रात्रे व ईआरवी चालक संदीप दर्शन उसे लेने आ रहे थे। पुसौर राइनो द्वारा खरसिया रायनो को व्यक्ति के घर का पता बताये जिससे खरसिया रायनो स्टाफ उसे हमालपारा खरसिया उसके घर छोड़ आई। उस व्यक्ति घर वालों ने बताया कि वह दिमागी रूप से कमजोर है अचानक घर से निकल गया था जिसे खोजबीन कर रहे थे ।

### पुलिस की सख्ती से गली-मोहल्लों के साथ सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा शुरू की गई सख्ती का असर अब दिखने लगा है। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल बन गया है, इससे सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर भी लगाम लगा है । इसे देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन के अफसरों ने राहत की सांस ली है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सुरक्षा के लिहाज से देश भर में लागू लॉकडाउन के आज 13वें दिन राजधानी रायपुर में कर्फ्यू जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार शाम से ही पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर सीधे लगाम कस दिया गया। सड़कों पर पुलिस जवानों की सतत पेट्रोलिंग और चौक-चौराहों पर तगड़ी मोर्चाबंदी से घरों से निकलने वालों के मन में पुलिस की कार्यवाही का भय बैठ गया है। शहर के कई इलाकों में पुलिस ने बेवजह सड़कों पर घूमने वालों को जोरदार सबक भी सिखाया है। इसके चलते अब शहर में सर्वत्र शांति छा गई है। शहर के सभी गली-मोहल्लों में बेवजह घरों से बाहर निकलने वालों के मन में भी पुलिस कार्यवाही का डर साफ दिखने लगा है। शहर के गली-मोहल्लों और खासकर सघन आबादी वाले इलाकों में लोग लाक डाउन की परवाह किए बगैर मोहल्लों में ही घूमते नजर आ रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ऐसे गली-मोहल्लों में भी घूसने लगी है, जहां पुलिस कभी नहीं गई थी। पुलिस के जवान बाइक से भी पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इससे मोहल्लों में घूमने वालों पर भी लगाम कसा है। कुल मिलाकर लॉकडाउन का अब सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

**» कोरोना से निपटने की गयी विभागीय तैयारियों का लिया जायजा**
**» सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व खेल भांठा के साथ क्वारेन्टीन सेंटर का किया निरीक्षण**

# कलेक्टर व एस पी पहुंचे सारंगढ़ के दौरे पर, लॉक डाउन के दौरान देखी शहर की व्यवस्था

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार सारंगढ़ पहुंचकर कोरोना वायरस के संबंध में विभागीय तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी भी साथ निरीक्षण में पहुंचे।

कलेक्टर यशवंत कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ में पहुंचकर विभाग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर कोरोना आईसोलेशन वार्ड, ओपीडी, मेल वार्ड, ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इलाज के लिए पहुंचे मरीजों से बातकर उनका फीडबैक लिया व






मेडिकल स्टाफ को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने दवाईयों का स्टॉक भी देखा तथा बीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में दवाईयों तथा मेडिकल किट की पर्याप्त व्यवस्था रखे।

जिन दवाईयों की उपलब्धता कम हो रही है उन्हें समय से खरीद लिया जावे, जिससे किसी मरीज को परेशानी न हो। इस दौरान जनऔषधि केन्द्र में कुछ स्टॉफ एन 95 मॉस्क पहने दिखे, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह मॉस्क कोरोना पीड़ित या संदिग्ध के इलाज करने व सेम्पल लेने के समय ही पहनने के निर्देश है। ऐसे में इस प्रकार सामान्य परिस्थितियों में इनका उपयोग न हो यह निर्देश बीएमओ सारंगढ़ को दिए। कलेक्टर यशवंत कुमार इसके पूर्व खेलभांठा में बनाये गये सब्जी बाजार को देखने पहुंचे।

जहां उन्होंने सब्जी विक्रेताओं के पसरे मैदान के चारो ओर दूर-दूर लगवाने के निर्देश एसडीएम सारंगढ़ को दिए। जिससे भीड़ बंटे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा सके। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कहा कि इन पसरों के साथ-साथ शहर की हर खुलने वाली दुकान के सामने सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार सुरक्षा घेरे बनवाएं और साथ ही शहर में सड़कों, नालों की सफाई भी दुरुस्त रखें।

उन्होंने यह भी कहा कि शहर में निवासरत ऐसे लोग जिनके पास रहने की जगह नही है, उन्हें रैन बसेरों में ठहराया जाये। सीईओ जनपद पंचायत को मनरेगा के लिए जारी नये गाइडलाइन्स के अनुसार निजी भूमि पर कार्य करवाने कहा और साथ ही पंचायतों में जरूरतमंद को सूखे राशन का वितरण, हितग्राहियों तक रेडी टू ईट पोषण आहार पहुंचना सुनिश्चित हो ऐसे निर्देश भी दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-